चतुर्थकम कूष्माण्डा

मां दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद मुस्कान द्वारा अंड अर्थात ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। अत: यही सृष्टि की आदि स्वरूपा और आदि शक्ति हैं। इनका निवास सूर्यलोक में है। इन्हीं के तेज और प्रकाश से दसों दिशाएं प्रकाशित हो रही हैं। ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। संस्कृत भाषा में कूष्माण्ड कुम्हडे.को कहते हैं। बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है। मां कूष्माण्डा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-शोक विनष्ट हो जाते हैं। मां कूष्माण्डा अत्यल्प सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। नवरात्र पूजन की चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहत चक्र में स्थित होता है।

किस राशि के लिए शुभ

सभी 12 राशियों के लिए शुभ। वृष और तुला राशि के लिए खास फलदायी।

आज का शुभ रंग: हरा

मां कूष्मांडा का प्रिय रंग हरा और पीला है।

किस रंग के कपड़े पहनें

भक्त पूजा के समय काले रंग को छोड़कर कोई भी रंग धारण करें।

कौन सी मनोकामनाएं होती हैं पूरी

नवरात्र के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना करने से जातक के घरों में वंश वृद्धि करती हैं। उदर रोग कभी व्याप्त नहीं होता।

आज के दिन का महत्व

दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों ताप से युक्त मां कुष्मांडा के उदर में सारा संसार वास करता है। जातक को इन तीनों तापों से मुक्ति के लिए मां की आराधना ही एक जरिया माना गया है।

राम नाम की गूंज से भक्तिमय हुआ शहर

फूलों से सजे रथ पर निकले श्रीराम-सीता, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा, पूरा नैनीताल बना बाराती

राम बारात

नैनीताल, संवाददाता। श्री राम सेवक सभा की ओर से मंगलवार को भव्य राम बारात निकाली गई। बारात में उमड़े आस्था और उल्लास के बीच पूरा नैनीताल राममय नजर आया। शहर के बाजारों और मार्गों को रोशनी व फूलों से सजाया गया। भगवान श्रीराम और माता सीता के दर्शन के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ जुटी रही।

फूलों से सजे रथ पर श्रीराम और माता सीता विराजमान होकर निकले। बारात का बाजार में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बैंड-बाजों की धुन, श्रीराम के भजनों और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बारात के दौरान पारंपरिक शकुन आखर भी गाए गए। महिलाओं ने पारंपरिक पिछौड़ा पहनकर उत्साहपूर्वक भागीदारी की। बारातियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जगह-जगह मिठाई बांटने के साथ प्रसाद वितरण भी किया गया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, श्री राम सेवक सभा के संरक्षक घनश्याम लाल साह, अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा, पूर्व अध्यक्ष गिरीश जोशी, मुकेश जोशी, विमल चौधरी, हरीश राणा, भुवन बिष्ट, वंदना पांडे, पूर्व सभासद मंजू रौतेला, हीरा रावत, गोधन सिंह, अशोक साह, मोहित लाल साह, प्रदीप जेठी, डॉ. ललित तिवारी, गोविंद सिंह, सानू साह, दिनेश भट्ट, डोल्मा गुरुरानी, मीनू, भारती, दिव्या, खुशहाल रहे।

नैनीताल में मंगलवार को श्रीराम सेवक सभा की ओर से राम बारात निकाली गई।

हल्द्वानी में मंगलवार को प्राचीन रामलीला में राम-केवट संवाद का मंचन करते कलाकार।

राम-केवट संवाद ने नम कीं आंखें

हल्द्वानी। प्राचीन श्री रामलीला मैदान में दिन की लीला में राम-केवट संवाद और भरत मिलाप के भावुक प्रसंगों का मंचन हुआ। गंगा पार कराने से पहले केवट ने प्रभु श्रीराम के चरण धोए। अमित जोशी के निर्देशन में गंगा नदी और नाव की सुंदर झांकी ने दर्शकों को भावविभोर किया। वहीं, भरत ने चित्रकूट पहुंचकर श्रीराम से अयोध्या लौटने की विनती की। श्रीराम ने भरत को अपनी खड़ाऊं सौंपकर वापस भेजा। रात्रि लीला में विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा के लिए मारीच-सुबाहु वध और अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया गया। पंडित रितेश जोशी, हितेश शर्मा, सुशील शर्मा, सीमा देवल, नब्बू भाई, सूर्यांश गुप्ता रहे।

शीशमहल में रामलीला मंचन का शुभारंभ

हल्द्वानी। शीशमहल काठगोदाम, पंचायतघर, ऊंचपुल और प्राचीन रामलीला मैदान एवं अन्य स्थानों पर आयोजित रामलीलाओं में अलग-अलग प्रसंगों का मंचन जारी है। शीशमहल में मंगलवार को रामलीला का शुभारंभ हुआ। युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित पहले दिन रामजन्म, रावण, कुंभकरण और विभीषण की तपस्या और भगवान शिव से वरदान प्राप्त करने के प्रसंगों का आकर्षक मंचन किया गया। उद्घाटन विनय लाहोटी, सुनील शारदा, नीरज शारदा और आलोक शारदा ने किया। समिति अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी, मुख्य व्यवस्थापक गिरीश चंद्र तिवारी, हरीश चंद्र पांडे, एनडी तिवारी, विक्रम डंगवाल, दिनेश फुलारा, पुष्पा रहीं।

काठगोदाम: गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हल्द्वानी। नगर निगम इंटर कॉलेज में रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर से राम-सीता विवाह तक का मंचन हुआ। श्रीराम के धनुष तोड़ते ही मैदान जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद परशुराम, लक्ष्मण के बीच संवाद हुए। अंत में राम के स्वरूप को पहचानकर परशुराम का क्रोध शांत हुआ।

शीशमहल रामलीला में मंगलवार को पहले दिन नारद संवाद का मंचन करते कलाकार।

पंचायत घर में निकली राम बारात की शोभायात्रा

हल्द्वानी। देवलचौड़ के पंचायतघर में आदर्श ग्रामीण श्रीरामलीला समिति द्वारा श्रीराम बारात की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद कैकेयी-मंथरा संवाद और राम वनवास की लीला का मंचन हुआ। यहां समिति अध्यक्ष दीवान सिंह मेहरा, उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, सचिव आनंद सिंह पड़ियार, रवि पड़ियार, संरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

मां चन्द्रघंटा की पूजा के लिए उमड़े भक्त

हल्द्वानी। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मंगलवार को हल्द्वानी के मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे। भक्तों ने मां चंद्रघंटा की पूजा कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

शहर के प्राचीन माता मंदिर, कालीचौड़ मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सूर्या देवी मंदिर और कालू सिद्ध मंदिर सहित मुख्य मंदिरों मे श्रद्धालुओं ने पूजा पाठ की। महिलाओं ने पूजा-अर्चना और जलाभिषेक कर मां के समक्ष शीश नवाया। मंदिरों में भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना रहा। पं.नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि तृतीय दिन सफेद रंग के वस्त्र धारण करना शुभ हैं।

बाजार

शोरूमों से निकलेंगी सात सौ कारें, 350 दोपहिया

- भूपेश कन्नौजिया

- सराफा बाजार में हॉलमार्क जेवरों की मांग तेज
- प्रॉपर्टी में फ्लैट और डुप्लेक्स बन रहे पसंद

हल्द्वानी। दशहरे पर बाजार की रौनक इस बार कारोबार की नई तस्वीर पेश करने जा रही है। शहर के विभिन्न शोरूमों से करीब 700 कारों और 350 से अधिक दोपहिया वाहनों की डिलीवरी की तैयारी है।

नवरात्र के पहले दिन ही शहर में 120 कारों की डिलीवरी हुई थी। महिंद्रा शोरूम के मालिक संजय अग्रवाल, मारुति के एमडी भूपेश अग्रवाल और एमजी मोटर्स के रहमान के मुताबिक, इस बार हाई-एंड एसयूवी का खासा क्रेज है। थार, स्कॉर्पियो और पिकअप जैसे वाहनों पर दो-दो महीने की वेटिंग चल रही है। वहीं, स्विफ्ट, वैगनआर और ऑल्टो जैसी बजट कारों के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बनी हुई है।

होंडा के सेल्स मैनेजर अर्पित अरोड़ा ने बताया कि उनके शोरूम से ही दशहरे पर 90 वाहनों की डिलीवरी होनी है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए जीरो प्रतिशत फाइनेंस और निर्धारित क्रेडिट कार्ड भुगतान पर 10 हजार रुपये तक के ऑफर दिए जा रहे हैं। रॉयल एनफील्ड सूरी सेल्स के उमेश जोशी के अनुसार, दशहरे पर उनके यहां करीब 100 बाइकें डिलीवर होने की उम्मीद है।

हॉलमार्क जेवरों से लेकर रेडी-टू-मूव विला तक

सराफा कारोबारियों राजीव वर्मा, केशव दत्त और अनिल के मुताबिक, ग्राहक अब बीआईएस हॉलमार्क वाले आभूषणों को प्राथमिकता दे रहे हैं। रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए 18 कैरेट के ट्रेंडी पेंडेंट और हल्के जेवर पसंद किए जा रहे हैं। आगामी सहालग के लिए भारी गहनों के अग्रिम ऑर्डर भी बुक हो रहे हैं। पुराने सोने को बदलकर नए डिजाइन के आभूषण बनवाने का चलन भी जारी है। उधर, प्रॉपर्टी कारोबारियों रणधीर सिंह रेशु, अजीत मेहरा, अर्जुन बिष्ट और उमेश कुमार के अनुसार, प्लॉटिंग में रुचि बरकरार है, लेकिन जमीन महंगी होने और छोटे परिवारों के चलन से फ्लैट व डुप्लेक्स की मांग बढ़ी है। डेवलपर्स बैंक से आसान होम लोन सुविधा के साथ रेडी-टू-मूव विला भी उपलब्ध करा रहे हैं।

यूको बैंक UCO BANK (भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking) सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

अचल कार्यालय : प्लॉट नं0 5, आईटी पार्क,
सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड -248001

(नियम-8 (6)) अचल संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगो को और विशेष रूप से उधार लेने वाले और ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को " **जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है** " के आधार पर दिनांक 26.11.2026 को दोपहर 01:00 बजे से सांय 05:00 बजे (10 मिनट के असिमित स्वत: विस्तार सहित है) ई-नीलामी द्वारा निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता/जमानदार के बकायों एवं ब्याज एवं खर्चो की वसूली हेतु विक्रय किया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया का सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है:-

क्र. सं.	ऋणी/गारंटर का नाम और पता	बंधक सम्पत्ति का विवरण	दिनांक एवं कब्जा का प्रकार	मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि	ई-नीलामी की दिनांक व समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि बोली वृद्धि राशि
	शाखा : हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड					
1.	**ऋणी** : श्री अमित कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रतन कुमार अग्रवाल। **सह-ऋणी** : श्रीमती तनु अग्रवाल पत्नी श्री अमित कुमार अग्रवाल। **दोनों पता**- 11/278, काला गोमती का मकान, दर्जी वाली गली, नया बाजार, मंगल पाड़ा, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल (उत्तराखंड) - 263139।	**अचल संपत्ति** : बंधक आवासीय सम्पत्ति भूमि एवं भवन जो पूर्व में 70 फीट, पश्चिम में 70 फीट, उत्तर में 40 फीट, दक्षिण में 40 फीट, क्षेत्रफल 2800 वर्ग फीट या क्षेत्रफल 260.22 वर्ग मीटर जिसका खाता संख्या 00313, खेत संख्या 623 घा मिन एवं प्राइवेट प्लॉट संख्या 17, जो ग्राम- मुखानी, तहसील-हल्द्वानी, जिला-नैनीताल, उत्तराखंड-263139 जो श्री अमित कुमार अग्रवाल पुत्र श्री रतन कुमार अग्रवाल के नाम पर है जो 11/278, काला गोमती का मकान, टेलर वाली गली, नया बाजार, मंगल पाड़ा, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल (उत्तराखंड)-263139 में स्थित है, । **विलेख विवरण** : बुक संख्या 1, वाल्यूम 2905 पृष्ठ 41-56, क्रमांक 7824, जो दिनांक 19.09.2018, को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय हल्द्वानी में पंजीकृत। **सीमाएं**:- **पूर्व**- खाली प्लॉट संख्या 16, **पश्चिम**- खाली प्लॉट संख्या 18, **उत्तर**- खाली प्लॉट संख्या 10 और 11, **दक्षिण**- सड़क 30 फीट चौड़ी।	25.09.2026 **सांकेतिक कब्जा** **मांग सूचना की तिथि** 20.07.2026	रू0 **1,03,83,944.00** दिनांक 01.04.2025 तक +ब्याज और शुल्क	26.11.2026 दोपहर 01:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक	रू0 **2,03,90,000/-** रू0 **20,39,000/-** रू0 **1,00,000/-**
				बोली जमा कराने की अंतिम दिनांक 26.11.2026 दोपहर 01 बजे से सायं 4:50 बजे तक		

संपति निरीक्षण की तिथि व समय 21.11.2026 को प्रात: 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक कृपया राजीव कुमार शर्मा शाखा प्रबन्धक, मो0- 8218237728 से सम्पर्क करें।

नियम एवं शर्ते:- 1. बिक्री प्रतिभूति हित पवर्तन नियम 2002 के नियम एवं शर्तो के अधीन होगी। पर उपलब्ध है। बिक्री से संबधित नियमों व शर्तो की जानकारी दी गई वेबसाइड वेबपोर्टल: https://baanknet.com पर उपलब्ध है। 2. संपत्ति को " **जैसा है जहां है** " **तथा** " **जैसा है जो भी है** "" **जो कुछ भी है** " के आधार पर विक्रय किया जा रहा है। 3. प्रतिभूत संपत्तियों का उपरोक्त विवरण प्राधिकृत अधिकारी की उत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है लेकिन इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि, गलती या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नही होगा। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा दी गई ई-नीलामी प्लेटफार्म वेबसाईट https://baanknet.com के माध्यम से दिनांक 26.11.2026 को दोपहर: 01:00 बजे से शुरू होकर 5:00 बजे समाप्त होगी। 5. बैंक द्वारा नीलामी में स्वयं द्वारा भाग लेने या स्वयं की ओर से बोली लगाने हेतु प्रतिनिधि को नियुक्त करने के लिये स्वतंत्र है। 6. बोली लगाने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करना बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी। इच्छुक खरीदार 21.11.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे के बीच संपत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।

दिनांक 13.10.2026 स्थान -हल्द्वानी प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

नैनीताल: अंग्रेजों के दौर में शुरू हुई दुर्गा पूजा

आस्था

- 1864 के आसपास अंग्रेजों के दौर में शुरू हुई परंपरा
- 1900 तक आयोजन पर रहा बंगाली समाज का प्रभाव

नैनीताल, संवाददाता। नैनीताल में दुर्गा पूजा की शुरुआत अंग्रेजों के दौर में बंगाली समाज से मानी जाती है। इतिहासकार प्रो. अजय रावत के अनुसार, शहर में दुर्गा पूजा की परंपरा की शुरुआत वर्ष 1864 के आसपास मानी जाती है। उस समय नैनीताल में मई से अक्तूबर तक सचिवालय संचालित होता था। जिसमें बड़ी संख्या में बंगाली कर्मचारी कार्यरत थे, जो दशहरे के दौरान दुर्गा पूजा का आयोजन करते थे। धीरे-धीरे यह सामूहिक उत्सव में बदला और सर्वजनिन दुर्गा पूजा के रूप में पहचान मिली।

प्रो. अजय रावत के अनुसार, नैनीताल का नगरीकरण वर्ष 1841 में शुरू हुआ। वर्ष 1862 में इसे ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया गया। उस दौर में छह माह राजधानी लखनऊ और छह माह नैनीताल में रहती थी। सचिवालय में कार्यरत बंगाली कर्मचारी दशहरे पर दुर्गा पूजा करते थे। वर्ष 1900 तक आयोजन पर बंगाली समाज का प्रभाव रहा।

हल्द्वानी में मंगलवार को प्राचीन माता मंदिर में तृतीय नवरात्र में पूजा करतीं महिलाएं।

बंगाली पर्यटकों का रहता था इंतजार

एक दौर में नैनीताल को शरद ऋतु (सितंबर-नवंबर) में बंगाली पर्यटकों का खास इंतजार रहता था। उनके आगमन से ऑटम फेस्टिवल और सांस्कृतिक गतिविधियां बढ़ जाती थीं, जिससे स्थानीय युवाओं को नए खानपान, रहन-सहन, थिएटर और हॉलीवुड फिल्मों की शैली सीखने का अवसर मिलता था।

पूजा से 20 दिन पहले ही पहुंचने लगते थे पर्यटक

नैनीताल होटल एसोसिएशन के सचिव वेद साह के अनुसार, दुर्गा पूजा से 20 दिन पहले बंगाली पर्यटक पहुंचने लगते थे और माहौल मिनी बंगाल जैसा हो जाता था। कनेक्टिविटी और नए विकल्पों से अब पसंद बदली है, फिर भी दुर्गा पूजा ऐतिहासिक रिश्ते को जीवंत रखे है।

मां दुर्गा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 16 को

नैनीताल। नैनीताल में 16 से 20 अक्तूबर तक 70वें मां दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ 16 अक्तूबर को सुबह 11 बजे कलश यात्रा से किया जाएगा।

पांच दिवसीय महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, 108 कमल के फूलों से पुष्पांजलि, महाष्टमी पर दीपदान और विजयदशमी को प्रतिमा विसर्जन होगा।शक्तिफार्म के मूर्तिकार कानू सुंदर द्वारा ईको-फ्रेंडली तरीके से मूर्तियां बनाई गई हैं। कमेटी उपाध्यक्ष त्रिभुवन फर्त्याल ने बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

रक्तदान शिविर लगा

रामनगर। इनरव्हील क्लब ने अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल सभा भवन में रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें क्लब के सदस्यों ने भाग लिया और मिसाल पेश की। यहां इनरव्हील क्लब ऑफ रामनगर की प्रेसिडेंट अंजलि जिंदल, सचिव निकिता बंसल, गुंजन अग्रवाल, रुचि टर्रे, सुमिति मल्होत्रा, नलिनी, रैना, अंशु मित्तल रहे।

हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का

SM PAL GROUP Nurtured Since 1982 Presents

हिन्दुस्तान उत्सव डांडिया Nights

DJ MAHI DJ MUSK

Stall Booking Open 9971137900 8077125969

16 OCTOBER 07:00 PM ONWARDS

HALDWANI Vatika Banquet Lawn, Nainital Road

Hospitality Partner FORTUNE WALKWAY MALL HALDWANI Member ITC's hotel group

Driven By PAL SKODA PAL NISSAN PAL PRATEEK AUTOSALES PVT. LTD. BAJRANG MOTORS Rampur Road, Haldwani, NAINITAL MOTORS

Bank Partner pnb यूनियन बैंक Union Bank of India बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

TICKETS AVAILABLE ON BOOK MY SHOW

AMRAPALI UNIVERSITY VASUDEV EDUCATIONAL GROUP नैन्सी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलीकोट, नैनीताल, उत्तराखण्ड PAL COLLEGE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT (GATEWAY TO YOUR BRIGHT FUTURE) BEERSHEBA SR. SEC. SCHOOL, HALDWANI

ग्लोबल फर्नीचर BAJAJ Chetak Nainital Automobiles ARADHYA FURNITURE & FURNISHING radhey Yaadon ka Chumbak by KP बेलवाल भोग

www.LiveHindustan.com | Livehindustannews | Live_hindustan

रावण-बाणासुर संवाद ने लूटी वाहवाही

लालकुआं। आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से आंबेडकर पार्क में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन मंगलवार को धनुष यज्ञ, रावण-बाणासुर संवाद, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और श्रीराम-सीता विवाह का मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरीश नेगी और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश बेलवाल ने किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष बीसी भट्ट ने बाणासुर का प्रभावशाली पाठ किया।

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, यू.सी.एफ., सदन, हरिद्वार बाईपास रोड, नजदीक प्रसार भारती कार्यालय, देहरादून-248001 फोन नं0 0135-2974380, ईमेल:agmsalesuk.fci@gmail.com

ई- निविदा आमंत्रण सूचना-16/2026-27

भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा उत्तराखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत भंडारगृह सिमली में खाद्यान्न के हथालन ठेके हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए GeM पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाकार वेबसाइट https://gem.gov.in (बिड संख्या : GEM/2026/B/8129064 दिनांक 07.10.2026) के माध्यम से विस्तृत NIT, MTF एवं SLA डाउनलोड कर सकते हैं। अन्य जानकारी https://fci.gov.in/region/uttarakhand-region/tender से भी प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा जारी करने की तिथि 07.10.2026 एवं ई-निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि- 28.10.2026 (01:00 PM) है।

महाप्रबन्धक (क्षेत्र)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्कील आई. सी. आई. सी. आई. होम फाइनेंस लि. शाखा दुर्गा सिटी सेंटर हल्द्वानी से श्रीमती जानकी देवी पत्नी श्री देवी सिंह निवासी 06, सियालकोट सीम जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड हाल निवासी विजयनगर, तहसील रूद्रपुर, जिला ऊधमसिंहनगर की निवासी हूँ प्रार्थिनी ने सुमन कुमार पुत्र श्री तहार सिंह से ग्राम विजयनगर, तहसील रूद्रपुर जिला ऊधमसिंहनगर में एक भूखण्ड क्रय किया है जिसका खसरा नं. 185/2 मि. रकबा 198.88 वर्गमीटर है। यह कि प्रार्थिनी की पूर्व की रजिस्ट्री जिसकी की बही सं. 1, जिल्द 1536, पृष्ठ 349 से 356 के क्रमांक 2379 उपनिबंधक कार्यालय बाजपुर, जिला ऊधमसिंहनगर में पंजीकृत है, जिसमें क्रेता सुमन कुमार पुत्र तहार सिंह एवं विक्रेता गिरिश चन्द्र पुत्र शम्भू दत्त है।

उक्त रजिस्ट्री बैनामा की मूल प्रति प्रार्थिनी द्वारा प्रार्थिनी के निवास स्थान के पास दिनांक 08.10.2026 को कहीं गुम हो गई है जो काफी खोजने पर भी नहीं मिल पा रही है। प्रार्थीनी द्वारा उक्त गुम बैनामा की मूल प्रति का कहीं भी दुरूपयोग नहीं किया गया है। एवं वित्तीय संस्था/ बैंक में बंधक नहीं रखा गया है। यदि उक्त पूर्व रजिट्री की मूल प्रति को बैंक में बंधक रखने बावत किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह 7 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में संपर्क कर सकता है!

(मनोज सिंह बिष्ट) एडवोकेट हॉल न. 6 टॉप फ्लोर,
दुर्गा सिटी सेंटर, नैनीताल रोड हल्द्वानी
मो. 9759228288, 9412128233

समग्र जीवन दृष्टि की जरूरत

नैनीताल। डीएसबी परिसर में मंगलवार को प्लेसमेंट सेल द्वारा 'एनर्जी साइंस' पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता विशाल शाह ने जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण और विद्यार्थियों की वित्तीय व मानसिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

मेस हैंडओवर में देरी पर नाराजगी

नैनीताल। भीमताल परिसर में मेस टेंडर हैंडओवर न होने पर छात्रसंघ सचिव कमल कार्की ने डीएसडब्ल्यू को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह को एक सप्ताह में मेस सौंपने की मांग की और प्रक्रिया पूरी न होने पर प्रदर्शन को चेताया।